ओलिवर ट्विस्ट

चार्ल्स डिकेंस

ओलिवर ट्विस्ट

चार्ल्स डिकेंस

ओलिवर की शुरूआती ज़िंदगी

उन्नीसवीं सदी के पूर्वार्ध में, अधिकांश अंग्रेजी शहरों में एक ऐसी इमारत होती थी जिसे "अनाथालय" के नाम से जाना जाता था. यह वह जगह थी जहाँ पर शहर अधिकारी वृद्ध, बेघर और गरीब लोगों को भेजते थे - ऐसे लोग जो काम नहीं कर सकते थे और जिनका और कोई घर नहीं था.

ऐसी ही इमारत में ओलिवर ट्विस्ट का जन्म हुआ था. ओलिवर की मां, एक खूबसूरत युवती थीं, जो पिछली रात सड़क पर पड़ी मिली थी. कोई नहीं जानता था कि वह कौन थी और जन्म देने के कुछ ही मिनटों के भीतर उसकी मृत्यु हो गई. ओलिवर ट्विस्ट को मिस्टर बम्बल ने उसका असामान्य नाम दिया था. मिस्टर बम्बल "अनाथालय" के इंचार्ज थे.

दस महीने की उम्र में, ओलिवर को "अनाथालय" की एक अन्य शाखा में भेज दिया गया, जिसे बुजुर्ग श्रीमती मान चलाती थीं.

वो कुछ फीस लेकर बीस या तीस गरीब अनाथों की देखभाल करती थीं. श्रीमती मान इन पैसों का ज्यादातर इस्तेमाल खुद के लिए करती थीं, और बच्चों को खिलाने-पिलाने पर बहुत कम. उसका नतीजा हुआ कि ओलिवर अपने अन्य साथियों की तरह, एक छोटे, पतले और कमज़ोर बच्चे के रूप में विकसित हुआ.

जब ओलिवर नौ साल का हुआ तो मिस्टर बम्बल उसे "अनाथालय" में वापस लाए ताकि वो भी अपनी उम्र के अन्य लड़कों के साथ कोई कुशलता सीखे.

ऑलिवर, श्रीमती मान के पास दुखी था पर वो "अनाथालय" में और भी ज़्यादा दुखी था. उसे उन दोस्तों की याद आती थी जिनके साथ वो बड़ा हुआ था. वो वहां पहले की तुलना में ज़्यादा भूखा रहता था. यहाँ सभी लड़कों को सिर्फ दलिया खिलाया जाता था.

एक शाम, ओलिवर को लगा कि वो भूख से पागल हो जाएगा. उसने अपने कटोरे के दलिए को समाप्त कर दिया पर फिर भी उसे अंदर एक शून्यता महसूस हुई. हताश होकर वो अपने कटोरे और चम्मच को लेकर, अपने मास्टर के पास पहुंचा.

"कृपया, सर," ओलिवर ने कहा, "मुझे कुछ और चाहिए."

मास्टर को बहुत गुस्सा आया. आज तक किसी ने भी उनसे ज्यादा मास्टर मांगने की हिम्मत नहीं की थी. "क्या?" वो दहाड़ा. "कृपया महोदय." ओलिवर ने चुपचाप दोहराया, "मुझे कुछ और दलिया चाहिए."

क्रोधित होकर, मास्टर ने ओलिवर के सिर पर मारा, और फिर ओलिवर को एक काली, अँधेरी कोठरी में बंद कर दिया. वो कई हफ्तों तक वहीं रहा.

इस मनहूस अस्तित्व से ओलिवर का बचाव मिस्टर सॉवरबेरी ने किया. वो लोगों को दफनाने का काम करते थे और उन्होंने ओलिवर को एक ट्रेनी के रूप में ले लिया.

सॉवरबेरीज़ के घर पर ओलिवर को बचा-खुचा खाना खाने को मिलता था और उसे ताबूतों के बीच में सोना पड़ता था. फिर भी, उसने इसकी शिकायत नहीं की. लेकिन एक दिन मिस्टर सॉवरबेरी के सर्जिकल सहायक के साथ ओलिवर का झगड़ा हो गया. इससे मिस्टर सॉवरबेरी इतने गुस्सा हुए कि उन्होंने ओलिवर को वापस "अनाथालय" भेजने की धमकी दी.

इससे ओलिवर घबरा गया. वह "अनाथालय" लौटने के बारे में सोच तक नहीं सकता था. इसलिए उसने वहां से भागने का फैसला किया.

ओलिवर लंदन पहुंचा

ओलिवर ट्विस्ट एक दरवाजे पर थका बैठा था और कांप रहा था. सूरज शहर के ऊपर धीरे-धीरे बढ़ रहा था. रात की ठंड अभी भी खाली गलियों में मौजूद थी. ऑलिवर चलते-चलते बहुत थक गया था. मिस्टर सॉवरबेरी के घर से भागने के बाद वो सत्तर मील की दूरी चला था. अब उसके पैरों में भयंकर दर्द था और उनसे खून बह रहा था. उसका पूरा शरीर दुःख रहा था और वो भूख से व्याकुल था. लेकिन उसे भागने का कुछ पछतावा नहीं था - यह ज़िंदगी उस "अनाथालय" से निश्चित तौर पर बेहतर थी .

फिर एक-दो घंटे बीते, और फिर सड़कों पर लोग दिखाई देने लगे. उन्होंने एक थके हुए अनाथ लड़के को दरवाजे पर बैठे हुए देखा, लेकिन उनमें से अधिकांश ने उसे नज़रअंदाज़ किया और जल्दबाजी में आगे बढ़े.

फिर, अचानक, ओलिवर को लगा कि जैसे कोई उसे घूर रहा हो.

जब उसने नज़र घुमाई तो उसने देखा कि एक नटखट दिखने वाला लड़का उसके पास खड़ा है, और उसे अपनी तेज, बदसूरत छोटी आँखों से घूर रहा है.

"नमस्ते!" लड़के ने ओलिवर का हँसते हुए अभिवादन किया. "तुम यहां पर क्या कर रहे हो?"

"मैं भूखा और थका हुआ हूँ. मैं सात दिनों से चल रहा हूं," ओलिवर ने कमजोर आवाज में जवाब दिया.

लड़का हैरत में पड़ गया. "सात दिन!" उसने कहा. फिर उसने ओलिवर से बड़े प्यार से कहा, "तुम्हें बहुत भूख लग रही होगी. चिंता मत करो, खाने का मैं भुगतान करूंगा!"

लड़का ने अपने वचन का पालन किया. जब ओलिवर ने कई दिनों के बाद भरपेट भोजन खाया, तो लड़के ने पूछा, "क्या लंदन जा रहे हो?"

"हाँ," ओलिवर ने उससे कहा.

"वहां कोई रहने की जगह है?"

"नहीं," ओलिवर ने रूखेपन से कहा.

"मुझे लगता है कि तुम आज रात कहीं सोना चाहते होंगे?" लड़के ने पूछा.

ओलिवर ने सिर हिलाया, "हाँ, मुझे सोने की जगह चाहिए!"

"मुझे लंदन में एक अच्छा बूढ़ा सज्जन मालूम है, जो तुम से बिना कुछ लिए तुम्हें सोने के लिए एक बिस्तर देगा - वह मुझे बहुत अच्छी तरह से जानता है!" लड़के ने बड़े आत्मविश्वास से कहा.

सोने के लिए जगह और वो भी मुफ्त वकाई में बड़ी लुभावनी पेशकश थी. इसलिए ओलिवर ने उसे कृतज्ञतापूर्वक स्वीकार किया.

"तुम्हारा नाम क्या है?" लड़के ने जानना चाहा.

ओलिवर ने उसे अपना नाम बताया.

"मेरा नाम जैक हॉकिन्स है - वे मुझे आर्टफुल डोजर बुलाते हैं!" लड़के ने गर्व से कहा.

ओलिवर को यह भी पक्का नहीं पता था कि उस नाम वाला कोई लड़का ईमानदार हो सकता था. लेकिन वह डोजर की मदद का इतना आभारी था कि उसने और कुछ भी नहीं कहा.

फागिन का गिरोह

ओलिवर को अभी तक नहीं पता था कि डोजर का सम्बन्ध जेबकतरों और लुटेरों के एक गिरोह से था. और न ही उसे पता था कि डोजर का मित्र, जिसका नाम फागिन था, गिरोह का सरगना था.

फागिन का घर लंदन के एक बहुत पुराने हिस्से में था, और ऑलिवर और आर्टफुल डोजर को उस तक पहुँचने के लिए अंधेरी बदबूदार गलियों से गुजरना पड़ा. ओलिवर को वह जगह काफी भयावह लगी, लेकिन जब वह फागिन से मिला तो वह और भी ज्यादा डर गया. फागिन एक बहुत बूढ़ा, खूँखार प्राणी था, दिखने में किसी खलनायक जैसा. उसके लाल बाल उलझे हुए थे.

"अंदर आओ, बेटे!" फागिन ने ओलिवर का स्वागत किया, जब डोजर ने उसे पेश किया. "मुझे तुमसे मिलकर बहुत ख़ुशी हुई!"

फागिन की आवाज़ सुनकर ओलिवर के शरीर में एक ठंडी कंपकपी उठी. लेकिन वो बूढ़ा आदमी काफी दयालु लग रहा था. उसने ओलिवर को खाना दिया, फिर उसे एक पुराना गद्दा दिखाया जहाँ वो सो सकता था.

बाद के दिनों में, फागिन के गिरोह में डोजर और अन्य युवा लड़के जेब कतरने के लिए बाहर जाते थे. वे कई रूमाल, पॉकेट बुक्स और अन्य वस्तुयें वापस लाते थे जिन्हें ओलिवर को छांटने के लिए दिया जाता था. ओलिवर को कभी संदेह नहीं हुआ कि ये चीजें एक दिन पहले ही चोरी की गई थीं. उसे यह तब पता चला जब उसे डोजर और चार्ली बेट्स नामक के लड़के के साथ उसे भी बाहर जाने की अनुमति दी गई.

लड़के लंबे समय के लिए सड़कों पर भटकते रहे फिर अचानक डोजर एक पतली, सकरी गली में रुका और फिर वो अपने साथियों को वापस दीवार के पास ले गया.

"बुकस्टॉल पर उस पुराने सज्जन को देखो? "उसने रास्ते के दूसरी तरफ एक समृद्ध दिखने वाले सज्जन की ओर इशारा करते हुए फुसफुसाया. "वह हमारे लिए ठीक रहेगा."

"बहुत अच्छा है!" चार्ली बेट्स ने सहमति जताते हुए कहा.

चार्ली और डोजर उस जगह पर खिसककर गए जहाँ वो सज्जन खड़ा था और एक किताब पढ़ रहा था. ओलिवर ने आंखें फाड़कर देखा - आर्टफुल डोजर ने अपने हाथ उस आदमी की जेब में डाले और एक रूमाल बाहर निकालकर चार्ली को दे दिया. फिर वे दोनों पूरी गति से बाहर की ओर दौड़े.

ओलिवर ने जो कुछ भी देखा, उसे उससे बहुत दहशत हुई. यह तो सरासर और खुलेआम चोरी थी और वो उसमें शामिल था! वो वहां से भागने लगा, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी. रईस सज्जन, जिनका नाम मिस्टर ब्राउनलो था, ने अपने महंगे रूमाल को गायब पाया. "रुको! पकड़ो, चोर!" वो चिल्लाए. वो ओलिवर को पकड़ने के लिए भागने लगे और भीड़ भी उसमें शामिल हो गई.

एक बड़े, मोटे आदमी ने जल्द ही ओलिवर को पछाड़ दिया और उसे एक मुक्का मारा. ओलिवर सीधा जाकर कीचड़ में गिर पड़ा.

नए मित्र

किसी ने पुलिस वाले को बुलाया; और फिर ओलिवर ने खुद को निकटतम पुलिस स्टेशन में पाया. मिस्टर ब्राउनलो ने उसका पीछा किया. अजीब बात यह थी कि उन्हें उस पूरी घटना का पछतावा हुआ, और उन्होंने ऐसा तब कहा जब ओलिवर को मजिस्ट्रेट, मिस्टर फांग के सामने ले जाया गया.

"यह लड़का चोर नहीं है, सर. मुझे इस पर यकीन है!" मिस्टर ब्राउनलो ने कहा. "कृपया उसके साथ अच्छा व्यवहार करें. मुझे लगता है कि वह बीमार है."

ओलिवर वास्तव में बहुत अस्वस्थ लग रहा था. अचानक, वह बेहोश होकर फर्श पर गिर पड़ा.

तभी एक बुजुर्ग शख्स कटघरे में आकर खड़ा हो गया. "रुको रुको!" वह रोया.

"तुम कौन हो?" मिस्टर फांग ने सख्ती से पूछा.

"मैं पास में ही एक बुक स्टाल चलाता हूँ!" नवागंतुक ने कहा. "यह लूट दूसरे लड़के ने की थी, इस गरीब लड़के ने नहीं!" उसने ओलिवर की ओर इशारा किया, जो अभी भी फर्श पर बेहोश पड़ा था.

मिस्टर फांग भड़क उठे, और उन्होंने उनका समय बर्बाद कर रहे लोगों की ओर बड़बड़ाना शुरू कर दिया. अब वो ओलिवर के खिलाफ आरोप को खारिज करने के अलावा कुछ और कर भी नहीं सकते थे.

ओलिवर को अदालत के बाहर फुटपाथ पर फेंक दिया गया. वहां जल्द ही मिस्टर ब्राउनलो ने उसे पड़ा पाया.

"अरे! वो कितना पीला है! और वो कांप रहा है! उसे बुखार है, मुझे कुछ करना ही होगा!" मिस्टर ब्राउनलो, ओलिवर की ओर झुके और उन्होंने उसे उत्सुकता से देखा और कहा, "कोच को बुलाओ, जल्दी!“

फिर ओलिवर ने खुद को एक शांत, छायादार कमरे के बिस्तर पर पड़ा हुआ पाया. "यह कौन सी जगह है?" उसने पूछा.

पलंग के पास एक ममता भरी बूढ़ी औरत दिखाई दी. उसके चेहरे पर एक मधुर, प्यार भरी मुस्कान थी.

"हश, प्रिय!" उसने धीरे से कहा. "अभी तुम्हें चुप रहना चाहिए, नहीं तो तुम फिर से बीमार पड़ जाओगे!”

महिला का नाम श्रीमती बेडविन था और वह मिस्टर ब्राउनलो की हाउसकीपर थी. कई दिनों तक, उन्होंने ओलिवर की देखभाल की और उसकी हर जरूरत को पूरा किया. फिर आखिर में मिस्टर ब्राउनलो एक दिन ओलिवर से मिलने आये.

"और अब कैसा लग रहा है, बेटा?" उन्होंने जानना चाहा.

"ओह, बहुत बेहतर, सर, और मैं बहुत खुश हूँ - आपकी अच्छाई का मैं बहुत आभारी हूँ!“

जब ओलिवर बोल रहा था, तब मिस्टर ब्राउनलो उसे घूर रहे थे. इस गरीब, उपेक्षित लड़के ने उसे किसी और की याद दिलाई थी, लेकिन किस की? तब उसका जवाब मिला. बेशक - तस्वीर! मिस्टर ब्राउनलो ने ऑलिवर के सिर के ठीक ऊपर दीवार पर लटकी तस्वीर को देखा. उसमें एक सुंदर युवती दिखाई दी. मिस्टर ब्राउनलो ने ओलिवर को देखा और कहा.

"श्रीमती बेडविन!" उन्होंने हांफते हुए कहा. "क्या आप नहीं देख रही हैं? यह लड़का - उसकी आँखें, उसका मुँह, उसकी अभिव्यक्ति - उसका पूरा चेहरा इस तस्वीर के चेहरे से काफी मेल खाता है! "

"उसे खोजना जरूरी है"

इस बीच, ओलिवर को "खोने" के लिए आर्टफुल डोजर और चार्ली को फागिन के साथ बड़ी परेशानी झेलनी पड़ी.

जब वे उसके बिना लौटकर घर आए, तो फागिन ने गुस्से में उन दोनों को गला घोंटकर मार डालने की धमकी दी. ओलिवर अब उसके गिरोह के बारे में और उसके काम के तरीकों के बारे में काफी कुछ जानता था. "अगर लड़के ने पुलिस को गिरोह के बारे में बता दिया?" यह सोचकर फागिन बहुत चिंतित था.

"उसे हमें ढूंढ़ना ही पड़ेगा, कैसे भी!" फागिन चिल्लाया.

"लेकिन कैसे?“ चार्ली बेट्स ने हकलाते हुए कहा. "लंदन एक विशाल शहर है, फागिन. हम उसे कहाँ-कहाँ ढूढेंगे?“

फागिन का रोष अचानक दूर हो गया. अब उसकी आँखों में एक चालाक चमक आई.

"मेरे लड़के, यह तुम मुझ पर छोड़ दो." उसने कमरे में चहलकदमी करते हुए चार्ली से कहा. "मुझे उसके बारे में कुछ सोचना होगा!“

फागिन को योजना बनाने में देर नहीं लगी. उसके चोरों के गिरोह में नैन्सी नाम की लड़की भी थी. फागिन ने उससे कहा कि वो पुलिस स्टेशन जाए और ओलिवर कहां है, उसके बारे में जाकर जानकारी हासिल करे.
पहले तो नैन्सी ने मना किया, क्योंकि वो पुलिस से डरती थी. पर वो, बिल साइक्स - फागिन के गिरोह के एक अन्य सदस्य और एक क्रूर आदमी से, बहुत डरती थी.

"बोलो मत?" बिल ने नैन्सी पर हाथ उठाया. "अगर तुमने ना कहा, तो मैं तुम्हारे चेहरे पर थप्पड़ मारूंगा!" उसने डराया. यह पहली बार नहीं था जब बिल ने नैन्सी को डराया था.

"ठीक है ठीक है," नैन्सी ने झट से कहा. "मैं जाऊँगी!“

क्योंकि उसे अब यह काम करना ही था, इसलिए नैन्सी ने उसे अच्छी तरह से करने का अपना मन बनाया.

नैन्सी एक अच्छी अभिनेत्री थी, और जब वह पुलिस स्टेशन पहुंची तो वो वहां फूट-फूट कर रोने लगी. उसने बिलखते हुए पुलिसवाले को बताया कि उसका प्यारा छोटा भाई कहीं खो गया था. वह झूठ बोल रही थी और छोटे भाई से उसका मतलब ओलिवर से था.

"वह कहाँ है, ओह, वह कहाँ है?" नैन्सी रोई. "मुझे उसे खोजना होगा. मुझे उसे ढूंढना होगा!“

पुलिसवाला एक नरम दिल आदमी था और वह नैन्सी के ढोंग से पूरी तरह से धोखा खा गया. उसने नैन्सी को बताया कि उस लड़के को एक बूढ़े सज्जन ले गए थे जो उत्तरी लंदन में पेंटोनविले के पास रहते थे.

जब नैन्सी इस खबर के साथ लौटी, तो फागिन ने उसे तुरंत फिर से भेजा. वो आर्टफुल डोजर और चार्ली बेट्स के साथ, पेंटोनविले में ओलिवर के घर की तलाश के लिए गई.

"ओलिवर ने हमें अभी तक धोखा नहीं दिया है!" फागिन ने थोड़ा घबराते हुए कहा. "अगर उसने धोखा दिया होता तो नैन्सी को पुलिस स्टेशन पर उसका पता चल गया होता. लेकिन अगर ओलिवर ने हमें धोखा दिया तो फिर हम सबकी ऐसी-तैसी हो जाएगी!"

फंस गया

ओलिवर, फागिन के हाथों में काफी आसानी से फंस गया. जैसे-जैसे उसकी सेहत अच्छी हुई उसने मिस्टर ब्राउनलो के घर में मिली देखभाल का क़र्ज़ चुकाने के बारे में सोचा. उसे मौका उस दिन मिला जब एक संदेशवाहक मिस्टर ब्राउनलो के लिए पुस्तकों का एक पार्सल लेकर आया. मिस्टर ब्राउनलो उसके हाथों कुछ किताबें वापिस भेजना चाहते थे. पर उससे पहले ही वो संदेशवाहक वापिस चला गया.

"कृपया मुझे उन्हें लौटा देने का मौका दें सर!" ओलिवर ने भीख मांगी. "मैं भागते-भागते दस मिनट में उन्हें लौटा कर वापिस आ जाऊँगा.“

इसलिए जब मिस्टर ब्राउनलो ने उसे बिल का भुगतान करने के लिए पांच पाउंड का नोट दिया और किताबें दीं तो ऑलिवर की आँखें उत्सुकता के साथ चमक उठीं . ओलिवर ने बिलकुल नए कपड़े पहने थे और वो उसमें बहुत जंच रहा था.

मिस्टर ब्राउनलो ने उसके लिए जो कपड़े खरीदे थे, वे नए सेट में बहुत स्मार्ट लग रहा था. वे पहले नए कपड़े थे जिन्हें ओलिवर ने पहली बार पहना था क्योंकि "अनाथालय" में उसे लोगों के त्यागे पुराने कपड़े ही पहनने को मिलते थे.

तो वो किताबों की दुकान के करीब पहुंचा तब अचानक एक युवा महिला उसके रास्ते में आकर खड़ी हो गई. उसने अपनी बाँहों को ओलिवर की गर्दन में डाला और फिर विस्मय में वो रोने लगी: "ओह, मेरे भाई! मुझे वो मिल गया है! मेरा छोटे भाई खो गया था! अब मैंने उसे पाया है!“

वो नैन्सी थी. वह एक सार्वजनिक होटल से बाहर आई, जहाँ फागिन और बिल साइकस एक साथ शराब पी रहे थे और बातें कर रहे थे. वो ओलिवर को बहुत कसकर पकड़े हुए थी क्योंकि ओलिवर खुद को छुड़ाने के लिए कठिन संघर्ष कर रहा था और भागने की कोशिश कर रहा था. "तुम मेरी बहन नहीं हो! तुम नहीं हो! मेरी कोई बहन नहीं है!" ओलिवर चिल्लाता रहा.

तभी उसे महसूस हुआ कि मिस्टर ब्राउनलो की किताबें उनसे छीनी जा रही हैं. फिर उसके सर पर किसी ने वार किया. शोर सुनकर बिल साइक्स होटल से बाहर निकल कर आया.

ओलिवर, नैंसी के साथ संघर्ष कर रहा था. बिल ने ओलिवर को फिर से मारा, फिर उसका कॉलर पकड़ा और फिर घबराए हुए लड़के को तंग, घुमावदार सड़कों के बीच घसीटना शुरू किया और वो ओलिवर को फागिन के भयानक अड्डे पर ले गया.

"तुम्हारी इतनी अच्छी तबियत देखकर मैं प्रसन्न हूँ, बेटे!" फागिन ने एक भयानक आवाज में कहा. वो सुनकर ओलिवर की रीढ़ की हड्डी कांपने लगी. वो अब बुरी तरह फंस गया था! जब उसने मिस्टर ब्राउनलो के घर पर अपने नए, दयालु दोस्तों के बारे में सोचा तब ओलिवर का दिल डूबने लगा. जब वो वापस घर नहीं पहुंचेगा तो वे क्या सोचेंगे? शायद उन्हें लगता होगा कि वो मिस्टर ब्राउनलो के पांच पाउंड और मूल्यवान पुस्तकों को लेकर फरार हो गया था. शायद वो नए कपड़ों को लेकर भाग गया था.

"अगर वो ऐसा सोचेंगे तो इस बात को मैं सहन नहीं कर पाऊंगा!" ओलिवर ने व्याकुल होकर कहा.

डरावने शब्द

अगले कुछ दिनों तक फागिन ने यह सुनिश्चित किया कि ओलिवर को वहां से भागने का कोई मौका नहीं मिले.

इस पूरे दौरान मिस्टर ब्राउनलो ऑलिवर की खोजते रहे. उन्होंने अपने नौकरों को लड़के को गलियों में खोजने के लिए भेजा. उन्होंने तमाम लोगों से ओलिवर के बारे में पूछ-ताछ की. यहां तक कि उन्होंने अखबार में उसके खोने का एक विज्ञापन भी छपवाया, जिसमें उन्होंने ओलिवर के बारे में जानकारी के लिए इनाम की घोषणा की. लेकिन उनके सभी प्रयासों से कुछ हासिल नहीं हुआ. जहां तक मिस्टर ब्राउनलो को लगा, वो लड़का शून्य में कहीं गायब हो गया था.

इस बीच, फागिन ओलिवर को एक अपराधी बनाने की ट्रेनिंग देने की कोशिश कर रहा था. उसने ओलिवर को चोरी करने के रोमांचक के बारे में बताया. चोरी करके वो कितना अधिक कमा सकता था. पर ओलिवर ने उस पर विश्वास नहीं किया.

एक दिन, फागिन ने ओलिवर से कहा, मैं तुम्हें बिल साइक्स के साथ भेज रहा हूँ! तुम्हारे लिए एक मज़ेदार काम है! "

नैंसी, ओलिवर को लेने आई थी. वो काफी परेशान लग रही थी, और उसके अच्छे कारण भी थे.
उसके ख़राब तौर-तरीकों और तीखी ज़ुबान के बावजूद उसका दिल दयालु था. वह ओलिवर से बहुत प्यार करने लगी थी, और वह जानती थी कि वह अब बहुत खतरे में था. फागिन और बिल साइक्स ने एक बड़ी डकैती में ओलिवर को इस्तेमाल करने की योजना बनाई थी.

जब वे बिल के घर पहुँचे, तब बिल ओलिवर को एक तरफ ले गया. "क्या तुम जानते हो कि यह क्या है?" उसने ओलिवर को एक छोटी पिस्तौल दिखाते हुए पूछा.

ओलिवर ने अपना थूक निगला और सिर हिलाया. बिल ने पिस्तौल को उठाया, उसे गोलियों से लोड किया और फिर उसे ओलिवर की कनपटी पर तानी. वो सख्त और ठंडी महसूस हुई.

"हम बाहर जा रहे हैं, तुम और मैं," साइक्स गुस्से में बड़बड़ाया. "और अगर तुमने किसी से इसके बारे में एक शब्द भी बोला तो मैं तुम्हारी खोपड़ी उड़ा दूंगा!" इस धमकी को ओलिवर आसानी से भूल न सका.

चोरी

बिल साइक्स, ओलिवर को लंदन के बाहर एक जर्जर घर के पास ले गया. वहां पर साइक्स के दो साथी पहले से ही उसका इंतजार कर रहे थे. अपनी पिस्तौल, क्रो-बार और अन्य उपकरणों को इकट्ठा करने के बाद, वे सभी काली रात में आगे बढ़े.

ओलिवर को जब उस भयावह अपराध का एहसास हुआ तो उसने बिल साइक्स से जाने देने की विनती की. "मैं फिर कभी लंदन वापिस नहीं आऊंगा, मैं वादा करता हूँ!" ऑलिवर रोया. "प्लीज़. मिस्टर साइक्स. प्लीज़ मुझे जाने दें!“

लेकिन बिल के पास ओलिवर के लिए एक ख़ास काम था, और वह यह सुनिश्चित करना चाहता था कि ओलिवर वो काम अच्छी तरह करे. वो चाहता था कि ओलिवर एक छोटी खिड़की में से घर के अंदर घुसे और फिर उनके लिए दरवाज़ा खोले. "वहां जाओ!" उसने एक कर्कश आवाज में ओलिवर से कहा. "फिर सामने का दरवाजा खोलकर हमें अंदर आने दो."

"नहीं तो मैं इस पिस्तौल से तुम्हें गोली मार दूंगा!"

इस धमकी के बावजूद, ओलिवर ने घर के लोगों को चेतावनी देने की कोशिश की. खिड़की से अंदर घुसने के बाद, वो कमरों में ऊपर-नीचे दौड़ने लगा. "वापिस आओ, गधे!" बिल साइक्स चिल्लाया.

फिर ओलिवर को दो आदमी सीढ़ियों के ऊपर दिखाई दिए. उनमें से एक के हाथ में लालटेन, और दूसरे के हाथ में पिस्तौल थी. ओलिवर को पिस्तौल चलने की आवाज़ सुनाई दी. फिर उसने बांह में एक भयंकर, गर्म दर्द महसूस किया. फिर एक दुर्घटना हुई, एक और गोली और एक घंटी की आवाज सुनाई दी. ओलिवर ने महसूस किया कि कोई उसे उठाकर बाहर घसीटा रहा था.

चोरी में गड़बड़ हो गई थी. घर के दो लोगों ने अलार्म बजा दिया था. अब बिल साइक्स और उसका गिरोह सिर्फ ऑलिवर को लेकर वहां से भाग सकता था.

ओलिवर को पता नहीं था कि बाहर क्या चल रहा था. उसका सर भन्ना रहा था और उसके हाथ में बहुत चोट लगी थी. फिर ओलिवर की आँखों के सामने अँधेरा छा गया और वो बेहोश हो गया.

दयालुता - और एक निराशा

जब ओलिवर जागा तब सुबह हो गई थी. वो एक खाई में पड़ा था, जहां पर बिल साइक्स उसे रात को छोड़ गया था. बिल और दूसरे लुटेरे कहीं भी नहीं दिखाई दे रहे थे. वे सभी भागने में कामयाब हो गए थे और लंदन वापस लौट गए थे.

ओलिवर खुद को बेहद कमजोर महसूस कर रहा था, और जिस शाल को बिल ने उसकी बांह में बाँधा था वो खून से लथपथ था. ओलिवर ने जबरदस्त प्रयास किया. फिर वो अपने लड़खड़ाते पैरों से संघर्ष करके सड़क तक पहुंचा. कुछ देर बाद वो एक घर के पास पहुंचा. उसे तब डर महसूस हुआ जब उसने पाया कि वो वही घर था जहाँ पिछली रात उन्होंने डकैती करने की कोशिश की थी. ओलिवर भागना चाहता था, लेकिन उसमें भागने की बिल्कुल ताकत नहीं बची थी.

अंदर नौकरों ने शोर सुना. जब उन्होंने सामने का दरवाजा खोला, तो उनमें से एक, मिस्टर जाइल्स ने ओलिवर को पहचान लिया.

"यह वही चोर है जिसे कल रात मैंने गोली मारी थी!” वो चिल्लाया.

"जाइल्स!" एक नरम आवाज सीढ़ियों के ऊपर से फुसफुसाई. "चुप रहो! नहीं तो मेरी चाची डर जाएँगी!“

यह एक युवा लड़की थी, पतली, प्यारी और दयालु. उसकी आँखों गहरी नीली थीं. वो चुपचाप सीढ़ियों से नीचे आई और उसने ओलिवर को देखा, जो अब अंदर हॉल के फर्श पर पड़ा था.

"ओह, बेचारा छोटा लड़का!" लड़की ने कहा. "उसे ऊपर ले जाओ, गिल्स, धीरे से, सावधानी से!“

युवा महिला, जिसका नाम रोज था, ने डॉक्टर को लाने का आदेश दिया. डॉक्टर ने वो गोली खोजी, जिसने ओलिवर की बांह तोड़ दी थी. चोट, गंभीर नहीं थी, लेकिन इससे पहले ओलिवर ठीक हो, काफी समय लग सकता था.

रोज, उसकी चाची श्रीमती मेयली, डॉक्टर लॉसर्न और सभी नौकर - यहां तक कि जाइल्स भी ओलिवर के प्रति बहुत दयालु और सौम्य थे.

ऑलिवर इस सौभाग्य के लिए बहुत आभारी था. पर फिर भी वो लंदन लौटने और मिस्टर ब्राउनलो के पास जाने को बहुत उत्सुक था.

डॉ. लॉसबरने ने ओलिवर को अपनी गाड़ी में लंदन ले जाने की पेशकश की. फिर वे उस सड़क पर पहुँचे जहाँ मिस्टर ब्राउनलो रहते थे. ओलिवर ने घर को एक ही नज़र देखा और कहा. "वह रहा! वहाँ! सफेद घर!" उसने उत्साह से इशारा किया.

लेकिन ओलिवर का उत्साह जल्द ही फीका पड़ गया, क्योंकि घर बंद था और वहां "किराए पर देने" का नोटिस चिपका था. डॉ. लॉसबर्न ने अपने कोचमैन ने बगल वाले घर में पूछताछ करने को भेजा. कोचमैन एक दुखद समाचार के साथ लौटा - मिस्टर ब्राउनलो छह सप्ताह पहले अटलांटिक महासागर के पार वेस्ट इंडीज चले गए थे.

ओलिवर फूट-फूट कर रोने लगा. यह उसके लिए बड़े दुर्भाग्य की बात थी. मिस्टर ब्राउनलो ने यह सोचकर घर छोड़ दिया होगा कि ओलिवर एक धोखेबाज, बेईमान और दुष्ट लड़का था. अब वो उन्हें कभी भी सच्चाई नहीं बता पायेगा.

एक अजीब वारदात

डॉ. लॉसबर्न ने ओलिवर को शहर के बाहर अपने दोस्तों के पास वापस ले गए. एक लम्बे अर्से तक लड़का बहुत दुखी रहा. ओलिवर को विश्वास नहीं था कि उसकी खोज का सुखद अंत होगा - लेकिन वैसा ही हुआ.

तीन महीने बाद. डॉ. लॉसबरने, ओलिवर को फिर से लंदन लेकर गए. रोज मयली उनके साथ आईं. वे सभी यह जानकर प्रसन्न हुए कि मिस्टर ब्राउनलो लौट आए थे और ओलिवर की खबर जानने को बहुत उत्सुक थे. उन्होंने ऑलिवर का गर्मजोशी से स्वागत किया और श्रीमती बेडविन, हाउसकीपर, ने उसे गले लगाया और उसे खुशी से चूमा.

अभिवादन समाप्त होने के बाद ओलिवर अच्छी तरह अपने कारनामों का ब्यौरा श्रीमती बेडविन को सुना रहा था. तभी रोज ने मिस्टर ब्राउनलो से अकेले मिलने की इच्छा ज़ाहिर की. वो मिस्टर ब्राउनलो को एक रहस्य बताना चाहती थी.

मिस्टर ब्राउनलो, रोज़ को एक शांत कमरे में ले गए, जहाँ रोज़ ने उन्हें एक बहुत ही अजीब कहानी सुनाई.

एक-दो दिन पहले, नैन्सी नामक एक युवा, मनहूस लड़की लंदन के होटल में रोज़ से मिलने आई थी. नैंसी ने रोज़ को मोंक्स नाम के एक व्यक्ति के बारे में बताया, जो कुछ दिन पहले फागिन के घर आया था. उस समय नैन्सी वहाँ थी.

फागिन और मोंक्स एक-दूसरे को पहले से ही जानते थे, क्योंकि उन्होंने उस घर में चोरी की योजना बनाई थी जहां रोज, श्रीमती मेयली के साथ रहती थी. फागिन, मोंक्स को दूसरे कमरे में ले गया पर नैन्सी ने दरवाजे पर खड़े होकर उनकी बातें सुनीं. उन्होंने ऑलिवर के बारे में बातें करीं, जिन्हें सुनकर नैंसी हैरान रह गई. मोंक्स ने कहा कि ओलिवर उसका छोटे भाई था, और वो चाहता था कि फागिन ने उसे मरवाने की व्यवस्था करे ताकि वो ओलिवर की पैतृक संपत्ति को हड़प सके.

"मैंने मोंक्स को आपका नाम लेते हुए सुना, मिस," नैन्सी ने रोज़ से कहा, "और आप लंदन में रह रही हैं यह भी उसने बताया. तभी मैं आपसे मिलें आई." फिर नैन्सी फूट फूट कर रोने लगी. "कृपया, मिस रोज़, ओलिवर पर कोई भी आंच न आने दें! मैं उसे बचाने के लिए अपनी जान दे दूँगी. सच में!"

"लेकिन मैं क्या कर सकती हूं?" रोज ने विरोध किया था. मैं उस भयानक मोंक्स को कहाँ और कैसे खोजूं?"

"मैं इसमें आपकी मदद कर सकती हूं." नैन्सी ने वादा किया था, अगर आपके पास मदद और रक्षा करने के लिए कोई सज्जन आदमी हो, तो मैं आपको बताऊंगी कि मोंक्स कहां मिल सकता है!"

"फिर हम कहां मिलें? " रोज़ ने पूछा।

"लंदन ब्रिज पर. मैं वहाँ हर रविवार रात को ग्यारह और आधी रात के बीच में रहूंगी," नैन्सी ने कहा.

मिस्टर ब्राउनलो, रोज की कहानी सुनकर चकित हुए और चिंतित भी. "यह एक बड़ा रहस्य है," उन्होंने कहा. "नैन्सी, ओलिवर की खातिर बहुत बड़ा जोखिम ले रही है. वह एक बहादुर लड़की है. उसके साथी चोरों को अगर यह मालूम पड़ेगा तो वे निश्चित रूप से उसे मार डालेंगे." फिर उन्होंने आगे कहा, "हम इस सुनहरे मौके को हाथ से नहीं फिसलने देंगे, क्योंकि ओलिवर का भाग्य और उसका जीवन अब दांव पर है. हमें उस लड़की से मिलना चाहिए और उससे और जानकारी प्राप्त करनी चाहिए!"

बैठक

पहले रविवार की रात को नैन्सी लंदन ब्रिज पर नहीं गई. बिल साइक्स बहुत बुरे मूड में था, और उसने नैन्सी घर छोड़ने पर पीटने की धमकी दी.

पर उस समय फागिन वहाँ था. उसे नैन्सी के तरीके और व्यवहार के बारे में बहुत कुछ अजीब और अटपटा लगा. वो उस समय देर रात को क्यों बाहर जाना चाहती थी? उसने अगले रविवार की रात नैन्सी का पीछा करने के लिए अपने एक लड़के को भेजा. वो यह पता लगाना चाहता था कि नैन्सी कहाँ गई थी और किससे मिली थी.

जासूस ने फागिन के निर्देशों का ईमानदारी से पालन किया. उसने नैन्सी को रोज़ और मिस्टर ब्राउनलो से आधी रात के बाद पुल पर मिलते देखा. जासूस ने चुपके से उनकी बातें भी सुनीं जिसमें नैन्सी ने लम्बे, दुबले मिस्टर मोंक्स का वर्णन किया और जिन होटलों में वो अक्सर जाते हैं उसका वर्णन किया और समय बताया.

"आप उसे आसानी से पहचान सकते हैं," नैन्सी ने कहा. "उसके गले पर एक निशान है, एक बड़ा लाल निशान ... "

"एक लाल निशान!" मिस्टर ब्राउनलो ने उसे टोकते हुए कहा, "एक जलने का निशान?"

रोज और नैन्सी ने आश्चर्यचकित रूप से देखा.

"बिल्कुल, हाँ!" नैन्सी ने उत्तर दिया. क्या आप उसे जानते हैं?"

श्री ब्राउनलो ने अपने चेहरे पर एक गंभीर भाव था. "हाँ, हाँ, मुझे लगता है कि मैं उसे जानता हूँ!" उन्होंने कहा.

मिस्टर ब्राउनलो बिना समय गंवाए, अगले दिन अपने दो नौकरों के साथ मोंक्स की तलाश में बाहर गए. एक होटल के पास, जिसका नैन्सी ने ज़िक्र किया था उन्हें अपना शिकार दिखा.

इससे पहले कि मोंक्स को पता चलता कि क्या हो रहा था, नौकरों ने उसे गाड़ी में बांध दिया और वे उसे मिस्टर ब्राउनलो के घर लेकर पहुंचे.

रहस्य का हल

मोंक्स को एक कमरे में ले जाया गया.

"बाहर जाओ और दरवाजा बंद कर दो!" मिस्टर ब्राउनलो ने अपने नौकरों से कहा. "मिस्टर मोंक्स और मैं अकेले बातचीत करेंगे!" नौकरों को कुछ शक हुआ, क्योंकि मोंक्स देखने में काफी खतरनाक लग रहा था. फिर भी, उन्होंने अपने मालिक की आज्ञा का पालन किया.

नौकरों के जाने के बाद मिस्टर ब्राउनलो ने कुछ क्षणों के लिए मोंक्स को दुखी निगाहों से देखा.

मुझे ठीक ही लगा मिस्टर ब्राउनलो ने चुपचाप खुद से कहा. वो मेरे सबसे अच्छे दोस्त का बेटा है. नैन्सी ने उसका सही हुलिया बताया था. जोर से उन्होंने कहा, "तुम्हारा नाम मोंक्स नहीं है, तुम्हारा नाम एडवर्ड लीफोर्ड है!“

मोंक्स ने आश्चर्य जताया. "आप यह कैसे जानते हैं?" उसने संदेह ज़ाहिर करते हुए कहा.

मिस्टर ब्राउनलो ने एक आह भरी. "क्योंकि मैं तुम्हारे पिता, एडविन लीफोर्ड और उनकी बहन को अच्छी तरह जानता था. बहन की कई साल पहले मृत्यु हो गई थी - तब मेरी और उनकी शादी होने वाली थी!“

जब उन्हें अपनी युवा दुल्हन की याद आई तब दर्द की एक झिलमिलाहट मिस्टर ब्राउनलो के चेहरे पर दिखाई दी. मुझे पता है कि तुम्हारे पिता और माँ एक साथ दुखी थे. और जब तुम बहुत छोटे थे तभी वो एक-दूसरे से अलग हो गए थे. और फिर ... " मिस्टर ब्राउनलो एक पल के लिए रुके.

"मुझे पता है कि तुम्हारा एक छोटा भाई है!”

मोंक्स की आँखें सिकुड़ गईं. "मेरा कोई भाई नहीं है. मैं अपने माँ-बाप का एक अकेला बच्चा था!”

"हाँ, आपके पिता की पहली शादी की एकमात्र औलाद, हाँ!" मिस्टर ब्राउनलो ने कहा. "लेकिन तुम्हारे माता-पिता के अलग होने के बाद, तुम्हारे पिता को एग्नेस फ्लेमिंग नामक एक खूबसूरत युवा लड़की से प्यार हो गया था. गरीब एग्नेस अपने बच्चे को जन्म देते हुए मर गई - एक लड़का जो भगवान की कृपा से बाद में मेरे हाथों में आया! मुझे पता था कि एग्नेस कैसी दिखती है, क्योंकि तुम्हारे पिता ने मुझे उसका एक चित्र दिया था, और उसका लड़का देखने में बिल्कुल उसके जैसा दिखता है!"

मोंक्स को इस खुलासे से बहुत निराशा हुई. हालाँकि, मिस्टर ब्राउनलो ने अभी तक अपनी बात समाप्त नहीं की थी. उन्होंने बताया कि ओलिवर किताबों की दुकान के पास कैसे गायब हो गया था, और उन्होंने उसे कैसे खोजा.

"मुझे पता था कि तुम मेरे लिए इस रहस्य को सुलझा सकते हो," मिस्टर ब्राउनलो ने मोंक्स से कहा. मुझे तुम्हारे आपराधिक जीवन के बारे में भी पता था और कि तुम वेस्ट इंडीज भाग गए थे. इसलिए मैंने तुम्हारा वहां पीछा किया."

वेस्टइंडीज की यात्रा बेकार गई. क्योंकि जब तक मिस्टर ब्राउनलो वहां पहुंचे, मोंक्स पहले ही इंग्लैंड लौट आया था. मिस्टर ब्राउनलो ने फिर से वापिसी की लंबी यात्रा की, और फिर कई हफ्तों तक मोंक्स की तलाश में सड़कों पर घूमते रहे. लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली. नैन्सी ने जब गले पर लाल निशान वाले आदमी का ज़िक्र किया तब जाकर मिस्टर ब्राउनलो को मोंक्स का सही सुराग मिला.

"तुम बचपन में भी मनहूस थे, और अब बड़े होकर एक बदमाश और एक डाकू हो!" मिस्टर ब्राउनलो ने घोषणा की. "तुमने युवा ओलिवर की हत्या करने की योजना बनाई है, जिससे तुम अपने पिता के सभी पैसे हड़प कर सको!"

"आप मेरे खिलाफ कुछ भी साबित नहीं कर सकते हैं!"
"ओह, लेकिन मैं कर सकता हूँ!" मिस्टर ब्राउनलो पीछे हट गए.
"मुझे फागिन और तुम्हारे द्वारा एक-साथ रची गई साजिश के बारे में भी पता है!“

"फागिन?: मोंक्स हकलाया, "वह कौन है?“

"क्या हम पुलिस को फोन करें? फिर तुम पुलिस को ही सफाई देना?“

मोंक्स भयभीत दिखा. "नहीं नहीं. ऐसा न करें!" उसने विनती की.
"वे - वे मुझे सीधे लटका देंगे!”

फिर मिस्टर ब्राउनलो ने संतुष्टि की सांस ली. "ठीक है, फिर तुम्हें निश्चित रूप से वो करना होगा जो मैं कहूंगा!" वो चिल्लाए. "तुम्हें एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने होंगे जिससे ओलिवर को आपके पिता की संपत्ति का सही हिस्सा मिले!“

मोंक्स बहुत दुखी दिखा. उसने पुलिस की कोठरी, कोर्ट रूम और जल्लाद की रस्सी आदि के बारे में सोचा जो निश्चित ही उसकी जान ले लेता.

"बहुत अच्छा," वो बड़बड़ाया. "ओलिवर को विरासत का सही हिस्सा मिलेगा, इसका मैं वादा करता हूं!"

उज्ज्वल भविष्य

गरीब नैन्सी, जिसने ओलिवर के प्रेम में अपनी जान को जोखिम में डाला था, वो ओलिवर के सौभाग्य के बारे में जानकर शायद बहुत खुश होती. लेकिन दुख की बात यह हुई कि नैन्सी ने अपने कार्यों के लिए एक ऊंची कीमत चुकानी पड़ी. जब फागिन के जासूस ने उसे लंदन ब्रिज पर रोज़ और मिस्टर ब्राउनलो के साथ नैन्सी की मुलाकात के बारे में बताया, उसके बाद फागिन एकदम पागल हो गया. उसने बिल साइक्स को बुलाया और उसे पूरी कहानी सुनाई. बिल, बेहद क्रूर था और उसने अपनी पिस्तौल से नैंसी को मार डाला.

जब मिस्टर ब्राउनलो और मोंक्स बात कर रहे थे, उस समय पुलिस हत्यारे की तलाश कर रही थी. उसी रात, उन्होंने बिल साइक्स को उसके छिपने की जगह पर जाकर धर दबोचा। घबराहट में, बिल छत पर चढ़ गया. उसके पास एक रस्सी थी जमीन पर उतरने और भागने के लिए.

लेकिन वो कुछ चूक गया और गिरते ही रस्सी उसके गले में उलझ गई. रस्सी का फंदा उसके गले में फंसता गया और फिर बिल, दम घुटकर मर गया.

उसी दिन, मिस्टर ब्राउनलो की दी गई जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने फागिन और उसके कई लड़कों को गिरफ्तार किया. कोर्ट ने फागिन को फांसी की सजा सुनाई, और इस तरह उसकी ज़िंदगी का अंत हुआ.

जहाँ तक ओलिवर ट्विस्ट की बात है, मिस्टर ब्राउनलो ने उसे अपने बेटे के रूप में अपनाया. वो उसे श्रीमती बेडविन के साथ शहर के बाहर, अपने साथ रहने के लिए ले गए. ओलिवर वहां बहुत खुश था, क्योंकि उसे खूबसूरत खेतों, फूलों, पेड़ों के साथ-साथ हरे-भरे ग्रामीण इलाकों से प्यार था.

एक बार, ओलिवर एक गरीब, अनाथ लड़का था, जिसका एकमात्र घर "अनाथालय" था. अब, उसका भविष्य उज्ज्वल था और जीवन ने उसे तमाम खुशियां दी थीं. उसे वसीहत में पिता की काफी संपत्ति मिली थी. इसके अलावा अब फागिन मर गया था और चोरों और हत्यारों का उसका गिरोह टूट गया था. ओलिवर को अब उनसे कभी भी डरने की जरूरत नहीं है.

समाप्त